राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–162/2023

राज्यपाल ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 09 मई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में फ्रेजर रोड, पटना रेडियो स्टेशन के पूरब–पश्चिम कोने पर स्थापित उनकी आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यापण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....